राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांकः 14.11.2019

आयोग द्वारा उपाचार्य/अधीक्षक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (Vice Principal/Superintendent I.T.I.) संवीक्षा परीक्षा, 2018, का आयोजन दिनांक 04.11.2019 से 06.11.2019 तक, समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार–ग्रुप–II (Group Instructor/Surveyor/Assistant Apprenticeship Advisor-Gr.II) **(TSP & NON-TSP)** संवीक्षा परीक्षा, 2018 (प्राविधिक शिक्षा विभाग) का आयोजन दिनांक 07.11.2019 एवं मत्स्य विकास अधिकारी (मत्स्य विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2019 व सहायक मत्स्य विकास अधिकारी (मत्स्य विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2019 का आयोजन दिनांक 08.11.2019 को अजमेर जिला मुख्यालय पर किया गया।

उक्त परीक्षाओं हेतु दिनांक 18.11.2019 से 24.11.2019 तक अभ्यर्थी का नाम, फोटो, हस्ताक्षर एवं विषय के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑन आईन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑन लाईन बैंकिंग के माध्यम से रू. 300/– का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑन लाईन पोर्टल **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध **Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal** का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑन लाईन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षाओं में केवल ऑन लाईन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करे। ऑफ लाईन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तो के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं।

उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 0294–3057541 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव